C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:08 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:12 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 304 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 4 जून 2025

आरसीबी की जीत पर खुशी से...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### वर्षाकाल के दृष्टिगत तीन माह का खाद्यान्न निर्गत किया

**नैनीताल ।** नैनीताल जिले के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने बेतालघाट गोदाम से सम्बद्ध सभी उचित दर विक्रेताओं को वर्षाकाल के दृष्टिगत तीन माह जून जुलाई और अगस्त का खाद्यान्न निर्गत कर दिया गया है। इसके अलावा मेहरागांव गोदाम से सम्बद्ध संवेदनशील क्षेत्रों में स्थित 23 उचित दर विक्रेताओं को चिन्हित कर तीन माह जून जुलाई और अगस्त का खाद्यान्न निर्गत कर दिया गया है । क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा कि मेहरागांव और बेतालघाट गोदाम के सभी उचित दर विक्रेताओं को ईपोस मशीन वितरित की जा चुकी हैं । इन मशीनों द्वारा अब राशनकार्ड धारकों को राशन वितरण करवाया जाएगा।

### अल्मोड़ा के खिलाडियों का स्टेट चैंपियनशिप में दबदबा

**अल्मोड़ा।** देहरादून में आयोजित उत्तराखंड स्टेट मुए थाई चैंपियनशिप में नेशनल कराटे और मार्शल आर्ट्स एकेडमी अल्मोड़ा के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में एकेडमी के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक झटक कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। देहरादून के मेयर सौरभ थपलियाल ने विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कोच यशपाल भट्ट ने बताया कि स्टेट मुए थाई चैंपियनशिप में अल्मोड़ा के यशपाल भट्ट, नीतिश कुमार और रोहित मंडल ने स्वर्ण पदक जीत कर जीते। वहीं अमन प्रसाद ने रजत और कृतिका अधिकारी, सिमरन सिजवाली ने कांस्य पदक जीत कर अपना हुनर दिखाया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उत्तराखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष महेश नेगी, मुए थाई एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सतीश जोशी, दीप्ती पांडे, गोदावरी चतुर्वेदी आदि ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

# उत्तराखंड में तेज बारिश के चलते तापमान में भारी गिरावट

### पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी से कड़ाके की ठंड, गर्म कपड़े निकले बाहर

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड में तेज बारिश के चलते तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। कड़ाके की ठंड से लोगों को गर्म कपड़े निकालने पड़े हैं। बावजूद इसके श्रद्धालु हिम सरोवर में आस्था के साथ स्नान कर रहे हैं।

उत्तराखंड में तेज बारिश का सिलसिला जारी है। पहाड़ों में हो रही बारिश से कड़ाके ठंड पड़ रही है। जिस कारण लोगों ने गर्म कपड़े भी निकाल दिए। बारिश के कारण तापमान में अचानक



गिरावट दर्ज की गई है। श्रीनगर गढ़वाल में ठंड बढ़ने से लोगों को मजबूरन गर्म कपड़े पहनने पड़े। स्थानीय लोगों का कहना है कि जून महीने में पहली बार ऐसी ठंड महसूस हुई है। बच्चों और बुजुर्गों को सर्दी से खासा दिक्कत हो रही है। कई जगह बारिश से जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। वहीं हेमकुंड साहिब में मौसम बिगड़ने से हल्की बर्फबारी हो रही है, जिससे क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। तापमान में गिरावट के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था कम नहीं हुई है। भारी ठंड में भी श्रद्धालु हिम सरोवर में स्नान कर रहे हैं। इसके बाद वह गुरुद्वारे में मत्था टेकने पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखने लायक है। प्रशासन ने भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के पर्वतीय जिलों के कुछ इलाकों में तेज दौर की बारिश व तेज हवाओं का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि मैदानी इलाकों में तेज बारिश के साथ बिजली चमकने के आसार हैं। आने वाले दिनों की बात करें तो छह जून तक प्रदेश भर में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। सात व नौ जून तक उत्तराखंड में मौसम शुष्क रहेगा।

### सीएम धामी ने कैबिनेट में महत्वपूर्ण निर्णय लिए

# ई-वाहनों पर टैक्स माफी व भर्ती परीक्षाओं समेत 12 प्रस्तावों पर मुहर




**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को राज्य सचिवालय में प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कुल 12 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। बैठक में पर्यावरण मित्रों, स्वच्छता नियमावली, भर्ती परीक्षाओं, ई-वाहन टैक्स माफी, पर्यटन योजनाओं और पेंशन जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

कैबिनेट बैठक में 2013 से कार्यरत 859 पर्यावरण मित्रों को अब मृतक आश्रित का लाभ मिलेगा। उत्तराखंड स्वच्छता गतिशीलता नियमावली के तहत वाहन कन्वर्जन पर सब्सिडी प्रक्रिया को सरल किया गया। देहरादून की सीएनजी व क्स-6 सिटी बसों को 50त्न या अधिकतम ?15 लाख तक की सब्सिडी मिलेगी। विक्रम व अन्य डीजल वाहनों के लिए भी सब्सिडी योजना लागू की जाएगी। बैटरी, मोटर और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड पेट्रोल वाहनों पर परिवहन टैक्स पूरी तरह माफ होगा, केवल जीएसटी देय रहेगा।

उत्तराखंड वर्दीधारी सिपाही और उप निरीक्षक पदों की परीक्षा अब एक साथ आयोजित की जाएगी। सब-इंस्पेक्टर स्तर के सभी पदों की परीक्षा भी एकसमान तरीके से कराई जाएगी। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में 15 नए पद सृजित किए गए (1 स्थायी, 14 आउटसोर्सिंग)।

मानवाधिकार आयोग में 12 नए पद स्वीकृत हुए (7 नियमित, 5 आउटसोर्सिंग)। कैबिनेट में 12 प्रस्तावों पर मुहर, ई-वाहनों पर टैक्स माफी से लेकर भर्ती परीक्षाओं तक ये अहम फैसले पर प्रमुख निर्णय लिए।

# चारधाम यात्रा पर आए यात्रियों की कार अनियंत्रित होकर 30 मीटर खाई में गिरी

**कर्णप्रयाग**
**हमारे संवाददाता**

**हादसा**
- चालक सहित पांच लोग थे सवार

कर्णप्रयाग में एक वाहन सड़क से 30 मीटर नीचे गिर गया। वाहन में सवार सभी लोग चारधाम यात्रा पर आए थे। चमोली जिले के कर्णप्रयाग के पास सोनला क्षेत्र में तड़के सड़क हादसा हो गया। राजस्थान से चारधाम यात्रा पर आए यात्रियों की एक कार अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 30 मीटर नीचे झाड़ियों में जा गिरी। दुर्घटना में वाहन में सवार पांच लोग घायल हो गए। घटना सुबह लगभग 4ः15 बजे की बताई जा रही है। अंधेरा होने के कारण कार सड़क से नीचे गिरने के बाद झाड़ियों में उलटी फंसी रह गई। सवार सभी पांच लोग बाहर नहीं निकल सके। सूचना मिलते ही लंगासू पुलिस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस टीम ने कार तक पहुंचकर सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला। कार बुरी तरह लॉक हो गई थी, जिससे यात्रियों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।





# थराली में अचानक टूटा 60 मीटर वैली ब्रिज, विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

**थराली**
**हमारे संवाददाता**

थराली में 60 मीटर स्पान का वैली ब्रिज एक झटके में टूट गया। पुल टूटने से विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

थराली तहसील के रतगांव में निर्माणाधीन वैली ब्रिज अचानक टूट गया। बीते एक माह से 60 मीटर स्पान का यह पुल तैयार किया जा रहा था। ग्रामीणों ने हादसे को लेकर विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इतने बड़े पुल का निर्माण अनुभवहीन ठेकेदार को सौंपा गया, जिससे निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी हुई। गनीमत रही कि हादसे



के वक्त पुल पर कोई मजदूर नहीं था, वरना बड़ा नुकसान हो सकता था। विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है और निर्माण कार्य को फिलहाल रोक दिया गया है। ग्रामीणों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

# संथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी में पहुंची पद्मश्री डॉ. बसंती बिष्ट

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

श्रीकृष्ण की लोकगाथा अलौकिक है, यह लिखित तो नहीं है पर रहस्यों से भरी हुई है, इस क्षेत्र में बहुत शोध की जरूरत है, जागर के माध्यम से न केवल श्री कृष्ण के रहस्यों को लोक गाथा में जीवित रखा गया है वरन जागर समस्याओं के समाधान, सकारात्मक सोच व सही विकास का कारक भी है। सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री डॉ बसंती बिष्ट ने उक्त विचार प्रकट किये। स्कूल में उत्तराखंड के मौखिक लोक गाथा गीतों में विद्यमान भगवान श्री कृष्ण का लोक इतिहास पर एक ससंदर्भ व्याख्यान और मौखिक गाथा उत्तराखंड की प्रख्यात जागर गायिका




पद्मश्री से सम्मानित विदुषी डॉ बसंती बिष्ट आज अपनी रोचक प्रस्तुति दी, उन्होंने नृत्य नाटिका, गाथा गा कर और व्याख्यान के रूप में श्री कृष्ण के चरित्र को लोक गाथाओं के रूप में पेश कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया, इस अवसर पर जागर गायन में रंजीत सिंह बिष्ट ने हुड़का, डॉ हिमांशु ने ढोलक, लाता कुंजवाल, लक्ष्मी देवी व हेमा बिष्ट ने विशेष सहयोग देकर लोक संस्कृति के इस अनूठे आयोजन को रोचक बनाया। इससे पूर्व पद्मश्री डॉ बसंती बिष्ट, प्रधानाचार्य डा.प्रवीन्द्र कुमार रौतेला, निदेशक रश्मि रौतेला,पवन पहाड़ी, दयाल पांडे समेत तमाम गण्यमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके समारोह का पप्रारम्भ किया। प्रधानाचार्य डॉ प्रवीन्द्र रौतेला ने सभी का स्वागत करते हुए लोक संस्कृति के विविध आयामों को जन जन तक पहुचाने में उनके द्वारा किये जा रहे कार्य को अद्वितीय बताया। उन्होंने कहां कि पद्मश्री बसंती बिष्ट ने लोक परंपरा को न केवल जीवित रखा इसे आगे भी बढ़ाने में विशेष कार्य किया जा रहा है संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और संगीत नाटक अकादमी से समर्थित यह कार्यक्रम पद्मश्री बसंती कई शहरों में पहले ही कर चुकी हैं अब यह कार्यक्रम कुमाऊं के हल्द्वानी, पिथौरागढ़ और फिर 6 जून को डीडीहाट क़िताब कौतिक में प्रस्तुत होगा, हल्द्वानी में यह आयोजन क्रिएटिव उत्तराखंड म्योर पहाड़ और सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सहयोग से किया गया।

# अभिमत



## न्यायोचित मांग

*हिमालयी राज्यों का पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान है। उत्तराखंड सरकार ने वर्ष 2013-14 में केन्द्र से हिमालयी राज्यों को ग्रीन बोनस ऑक्सीजन सर्विसेज के रूप में देने की मांग की थी। दरअसल हिमालयी राज्यों से अपेक्षा की जाती है कि जंगलों का आवरण बनाये रखें, लेकिन उसके लिए पर्वतीय राज्यों को प्रोत्साहन राशि की जरूरत है। भारत समेत कई देश जलवायु परिवर्तन का अभिशाप झेल रहे हैं, उसका सबसे अधिक नुकसान हिमालयी राज्यों को हो रहा है।*

वित्त आयोग से उत्तराखंड को विशेष राज्य का दर्जा देने और ग्रीन बोनस की मांग की गई। हिमालयी राज्यों का पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान है। उत्तराखंड सरकार ने वर्ष 2013-14 में केन्द्र से हिमालयी राज्यों को ग्रीन बोनस ऑक्सीजन सर्विसेज के रूप में देने की मांग की थी। दरअसल हिमालयी राज्यों से अपेक्षा की जाती है कि जंगलों का आवरण बनाये रखें, लेकिन उसके लिए पर्वतीय राज्यों को प्रोत्साहन राशि की जरूरत है। भारत समेत कई देश जलवायु परिवर्तन का अभिशाप झेल रहे हैं, उसका सबसे अधिक नुकसान हिमालयी राज्यों को हो रहा है। दिल्ली दुनिया में सबसे अधिक प्रदूषित महानगरों की सूची में शामिल है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण से सांस लेना दूभर हो गया है। हिमालयी राज्यों के जंगल वायु प्रदूषण पर नियंत्रण रखते हैं। पेड़ काटने की अनुमति नहीं होने से राज्य में विकास कार्य बाधित होते हैं। पर्वतीय क्षेत्र विकास से वंचित है। इसलिए इसकी भरपाई के लिए ग्रीन बोनस की मांग की जा रही है। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने वित्त आयोग से उत्तराखंड की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए संवेदनशीलता गुणांक निर्धारित करने, अलग से आपदा प्रबंधन मंत्रालय गठित करने और क्षेत्रफल व जनसंख्या में असंतुलन को संतुलित करने के सुझाव दिये हैं। उत्तराखंड राज्य का गठन सीमावर्ती पर्वतीय क्षेत्र के विकास के लिए किया गया था। राज्य गठन के 25 वर्ष बाद भी स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। पर्वतीय क्षेत्र का विकास नहीं होने से पलायन और अधिक बढ़ गया है। पर्वतीय क्षेत्र के सैकड़ों गांव के सभी घरों में ताले लटके हुए हैं। रोजी-रोटी के साधन नहीं होने से सुदूर पर्वतीय क्षेत्र वीरान होता जा रहा है। पर्वतीय से लेकर भाबर क्षेत्र में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। तराई में उद्योग स्थापित होने से कृषि क्षेत्र कम होता जा रहा है। उत्तराखंड राज्य का गठन होने पर विशेष आर्थिक पैकेज के तहत तराई क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना की गई थी। देहरादून, हरिद्वार और उधम सिंह नगर में उद्योग स्थापित होने से रोजगार का विकास हुआ। पर्वतीय क्षेत्र से लोग तराई में आने लगे। जिससे जनसंख्या घनत्व का संतुलन बिगड़ गया। पर्वतीय क्षेत्र में लघु और कुटीर उद्योग प्राकृतिक संसाधनों के अनुरूप स्थापित किये जाने चाहिएं, जिससे पर्वतीय क्षेत्र का विकास होगा। बागवानी को बढ़ावा मिलने से फलों का उत्पादन बढ़ेगा और फल संरक्षण के कुटीर उद्योग स्थापित होने से रोजगार मिलेगा।

# कुमाऊं आयुक्त का डीडीए कार्यालय में औचक निरीक्षण

नैनीताल

हमारे संवाददाता



कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को नैनीताल स्थित जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया जहां उन्होंने फाइलों में कई खामियां देखने को मिली। जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आयुक्त ने प्राधिकरण के अधिकारियों को सभी खामियां 10 दिन के भीतर दूर कर रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने प्राधिकरण अधिकारियों से लंबित वादों की जानकारी मांगी तो पता चला कि वर्ष 1999 से लेकर अब तक कई फाइल है अभी प्राधिकरण कार्यालय में धूल फाक रही है। जिसके चलते वादकारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आयुक्त ने कई वर्षों से प्राधिकरण में लटके वादों को जल्द से जल्द निस्तारित करने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त को प्राधिकरण कार्यालय से कई फाइल गायब मिली जिस पर नाराजी व्यक्त करते हुए आयुक्त ने तीन दिन के भीतर गायब फाइलों को उन तक पहुंचाने के आदेश भी दिए हैं। आयुक्त ने भवन मानचित्र स्वीकृति तथा अवैध भवनों के निर्माण पर की जा रही कार्यवाही तथा लंबित प्रकरणों की सुनवाई व अभिलेखों का डिजिटलाइजेशन कार्य सहित कंपाउडिंग आदि कार्यों की जानकारी लेते हुए अभिलेखों का निरिक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने लंबित वादों का निस्तारण करनेएअवैध निर्माण पर तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा कार्यालय में दस्तावेजों का रख रखाव सही ढंग से करने और वादों को सूचीबद्ध तरीके से वर्गीकृत करते हुए अंकित करने के निर्देश दिए। कहा सबसे पुराने वाद का निस्तारण पहले हो प्राधिकरण कार्यालय में भवन मानचित्र स्वीकृत तय सीमा में हो यह

### रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश

**नैनीताल।** आयुक्त दीपक रावत ने मंडल के समस्त जिलाधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि वह भी अपने अधीनस्थ न्यायालयों का भी निरीक्षण करते हुए लंबित वादों के निस्तारण की समीक्षा करें साथ उन्होंने उनसे विगत एक वर्ष में इन अधीनस्थ न्यायालयों में किए गए निरीक्षण की भी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## अवैध निर्माण और कंपाउंडिंग के मामले में सुनवाई को तिथि न देने पर नाराजगी

**नैनीताल।** नैनीताल में प्राधिकरण ने कई अवैध निर्माण और कंपाउंडिंग के मामले में 2019 से अब तक भी सुनवाई हेतु एक भी तिथि न देने पर नाराजगी व्यक्त की। कहा सप्ताह में साभी वादकारिय कोई नोटिस जारी करे अपने न्यायालय में प्रत्येक दिन कम.से कम 60-70 तक मामलों की सुनवाई करते हुए लंबित वादों के निस्तारण के निर्देश दिए।आयुक्त ने कहा कि लंबी अवधि तक सुनवाई हेतु तिथि न देना गंभीर लापरवाही है। जिम्मेदारी प्राधिकरण के अधिकारियों की है। लिहाजा अधिकारी सेवा का लिहाजा एक सप्ताह के भीतर ऐसे प्रकरणों की सूची तैयार कर कारण सहित उन्हें उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में सूची प्राप्त न होने पर संबंधित को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। आयुक्त ने कहा कि वादों का निस्तारण न करने एवं लंबी अवधि तक तिथि न देना अवैध अतिक्रमण को बढ़ावा देना है। अगले 10 दिन में ऐसे मामलों पर तिथि निर्धारित करते हुए संबंधित विपक्ष के घर जाकर तामिल कराएं। अधिकार अधिनियम के तहत कार्य संपन्न करें।

## मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना की आवेदन प्रक्रिया शुरू

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना की आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल ने विश्वविद्यालय से जुड़े शोधार्थियों तथा नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों एवं शिक्षकों से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रस्ताव आमंत्रण का लाभ उठाने की अपील की है।

डॉ. मंद्रवाल ने बताया कि यह योजना उत्तराखंड सरकार की ओर से राज्य के उच्च शिक्षा संस्थानों में शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत चयनित शोध प्रस्तावों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदन समर्थ पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई तक ऑनलाइन किए जा सकते हैं।

# मां नयना देवी मंदिर में नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा में मां की महिमा का गुणगान

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के सहयोग से मां नयना देवी मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा के आठवें दिन मंगलवार को व्यास कपिल देव महाराज की ओर से भक्तजनों को अपने प्रवचनों में मां की महिमा का गुणगान किया।

व्यास कपिल देव महाराज ने कथा प्रसंग में राजा हरिशचन्द्र की कथा दुर्गम दैत्य का वध तथा मां भगवती के शताक्षी, शाकंभरी तथा भ्रामरी दिव्य दिव्य रूपों का बखान किया। उत्कृष्ट संगीतकारों तथा विद्वान आचार्यो के संग हल्द्वानी से पधारे लोग विख्यात कथाकार पूज्य महाराज ने मां नैना के भवन में आनंद उत्सव के संग कथा सुनाई। दोपहर 12 बजे से सुंदरकांड का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य यजमान ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह सपत्नीक बैठे। समारोह को सफल बनाने में ट्रस्ट के सचिव हेमंत शाह, उपाध्यक्ष घनश्याम लाल साह, उपसचिव श्री प्रदीप शाह,कोषाध्यक्ष किशन सिंह नेगी समेत सदस्य मनोज चौधरी, महेश लाल साह सहित सुमन साह व अमिता साह, मंजू रौतेला व मुन्नी भट्ट आदि भक्तिजन भक्तिभाव से जुटे रहे। नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा का बुधवार (आज) श्री मां नयना देवी मंदिर के 143वें स्थापना दिवस के विशेष मौके पर समापन होगा। मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी शैलेंद्र मेलकानी के मुताबिक बुधवार (आज) ब्रह्ममुहूर्त में श्री मां नयना देवी की पूजा, उसके बाद सात बजे से कुल पूजा, 11 बजे से लेकर अपराह्न एक बजे तक देव पूजन व पुर्णाहुति, दोपहर 12 बजे से लेकर अपराह्न एक बजे तक कथा प्रवचन,व्यास पूजन, पुस्तक पूजन,कन्या पूजन के बाद ब्राह्मण पूजन होगा जबकि अपराह्न एक बजे से महाभंडारा होगा वहीं शाम को पांच बजे से लेकर रात को सात बजे तक भजन संध्या का विशेष आयोजन किया जाएगा।

# फिल्मी दुनिया

## आरसीबी की जीत पर खुशी से झूम उठे विराट-अनुष्का





*मंगलवार को आईपीएल 2025 का फाइनल खेला गया, जिसमें विराट कोहली की टीम आरसीबी ने 18 सालों के बाद अपना पहला खिताब जीता। इस जीत के बाद विराट और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा की कुछ प्यारी तस्वीरें सामने आई हैं, जिस पर नेटिजंस रिएक्शंस दे रहे हैं। 18 सालों का सूखा खत्म करते हुए रन मशीन विराट कोहली की टीम आरसीबी ने बीते मंगलवार को आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। इस जीत के बाद टीम के सभी खिलाड़ियों और उनके फैंस के आंखों में खुशी के आंसू थे। उस दौरान विराट और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा के रिएक्शंस की कई तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं जिस पर नेटिजंस तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। आइए जानते हैं। आरसीबी टीम के आईपीएल फाइनल जीतने के बाद विराट भावुक हो गए थे, क्योंकि उनकी टीम ने 18 साल के लंबे संघर्षों के बाद ये ट्रॉफी उठाई है। इस जीत के बाद विराट और उनकी पत्नी-अभिनेत्री अनुष्का शर्मा की ट्रॉफी लिए तस्वीरें सामने आई है, जिसपर यूजर्स प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि अब विराट के पास सबकुछ हैं। दूसरे यूजर ने लिखा कि दुनिया के सबसे अच्छे कपल्स। वहीं एक और यूजर ने कहा कि विराट की दोनों ट्रॉफी। इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कहा कि उन्होंने इस खिताब को बच्चे की तरह पकड़ा है।*

### विराट को मिलने दौड़ पड़ीं अनुष्का

*आरसीबी को जीत मिलने के बाद अभिनेत्री अनुष्का शर्मा अपने पति और क्रिकेटर विराट कोहली से मिलने के लिए खुशी से दौड़ पड़ीं और गले मिल गईं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिस पर नेटजंस प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि विजेता ऐसे ही दिखते हैं, विराट इसके बाद क्रिकेट के लिए जो कुछ भी करेंगे, वह खेल के लिए मात्र दान है। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, वाह यार ये कितना सुंदर है, इसे देख कर मैं रो नहीं रही हूं। इसके अलावा एक और यूजर ने इस वीडियो को देख रोते हुए कहा कि ऐसा बंदा कहा मिलता है यार।*

# वन विभाग मोरा तोक क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर गश्त पर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

गुलदार के हमले में 71 वर्षीय पुष्पा देवी की मौत के बाद वन विभाग ने मोरा तोक क्षेत्र में सुरक्षा कड़ी कर दी है। 50 वन कर्मियों की टीम ट्रेंकुलाइज गन के साथ अलग-अलग शिफ्ट में गश्त कर रही है। सुरक्षा के मद्देनजर ग्रामीणों के जंगल जाने और दिन ढलने के बाद अकेले बाहर निकलने पर रोक लगा दी गई है। वन्य जीव संघर्ष से बचाव के लिए ग्रामीणों को जागरूक भी किया जा रहा है।

डीएफओ चंद्रशेखर जोशी ने मृतक आश्रित परिवार को छह लाख रुपये का चेक सौंपा। डीएफओ ने मोरा गांव जाकर मृतका के परिवार और अन्य ग्रामीणों से बातचीत कर आश्वासन दिया कि गुलदार पकड़ने के लिए 50 कर्मी लगाए गए हैं और जरूरत पड़ने पर संख्या बढ़ाई जाएगी।उन्होंने ग्रामीणों से चारे के लिए जंगल में न जाने की अपील की और जरूरत पड़ने पर विभाग की ओर से चारा उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। गुलदार की खोज में अन्य रेंज से भी कर्मी बुलाए गए हैं। बताया कि ट्रेंकुलाइज गनए दो चिकित्सक तथा दो रेंजर और 50 कर्मियों की टीमें गठित कर गश्त बढ़ाई गई है।

वहीं ट्रेप कैमरों की संख्या 13 कर दी गई है लेकिन अभी तक गुलदार की गतिविधि कैमरों में नहीं आई है। दो पिंजड़े भी लगाए गए हैं। गांव में गुलदार की दहशत का माहौल है हालांकि स्कूल की छुट्टियों के कारण बच्चे घर पर हैं। लेकिन कॉलेज के छात्रों की परीक्षाएं चल रही हैं। वन विभाग ने 5 जून को कॉलेज के छात्रों को सडक़ तक छोड़ने के लिए टीम गठित की है। इसके साथ ही बल्यूटी, चोपड़ा तथा दोगड़ा समेत आसपास के गांवों में पांच महिलाओं को अस्थाई तौर पर नियुक्त कर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि ग्रामीण हिंसक वन्य जीवों से सतर्क रहें।

News कॉर्नर

## नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म मामले में सप्ताह के भीतर जवाब मांगा

**नैनीताल** । उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी मो.उस्मान के पुत्र मो.रिजवान खान का ट्रांसफर उत्तरकाशी जिले में किए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने राज्य सरकार से दो सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। आज हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि इनके खिलाफ मुकदमा मल्लीताल थाने में दर्ज हुआ है। जब जांच अधिकारी ने इन्हें अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया तो उन्होंने कोई सहयोग नहीं किया है। राज्य सरकार ने इनका स्थानांतरण नियमों के तहत किया है। मामले के अनुसार याचिकाकर्ता मो.रिजवान पीडब्ल्यूडी उत्तराखंड में अपर सहायक अभियंता हैं, ने दंडात्मक और कलंकपूर्ण स्थानांतरण आदेश को चुनौती दी है, जिसके तहत उन्हें प्रशासनिक आधार पर पीडब्ल्यूडी निर्माण प्रभाग खटीमा से अस्थाई प्रभाग पीडब्ल्यूडी घनसाली उत्तरकाशी में स्थानांतरित किया गया है। याचिकाकर्ता मोहम्मद उस्मान का पुत्र है, मो उस्मान नैनीताल में हुए पोक्सो मामले में आरोपी हैं।

## नैनीताल में बिना डीएल स्कूटी किराए में दी, सीज

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल में पर्यटकों को बिना डीएल स्कूटी किराए में देना स्कूटी संचालक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्कूटी सीज कर दी है।
जानकारी के अनुसार मंगलवार को तल्लीताल में यातायात पुलिस यातायात व्यवस्था व चैकिंग करने में जुटी थी। इस दौरान एक टैक्सी स्कूटी में पर्यटक गलत दिशा में स्कूटी ले गया तो पुलिस ने रोक लिया। जब पुलिस ने पूछताछ कर पर्यटक से डीएल मांगा तो उसके पास डीएल नहीं मिला। दिल्ली निवासी रितेश ने बताया कि बिना डीएल के ही स्कूटी संचालक ने उसको स्कूटी किराए पर दे दी।

# कांग्रेस वोट बैंक के लिए सिरौली कला को पालिका बनाने की राह में डाल रही रोड़े: शुक्ला

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

सिरौली कला में आयोजित एक बड़ी जनसभा में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस मुसलमानों का भला नहीं चाहती सिर्फ उनको बैंक वोट के रूप में इस्तेमाल कर रही है। शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सिरौली कला में खुले मंच पर हमसे बहस करें और बताएं कि सिरौली कला को नगर पालिका बनाने का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का फैसला क्यों गलत है? इससे सिरौली कला का क्या नुकसान होगा? उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि कांग्रेस का बड़ा से बड़ा नेता सिरौली कला में खुली जनसभा करें तथा



आमने-सामने जनता के समक्ष मुझसे बहस करके नगर पालिका बनने से सिरौली कला के नुकसान और फायदे पर खुली बहस करें। यहां 2017 का विधानसभा चुनाव लड़ने से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत ने सिरौलीकला की जनसभा में इंटर कॉलेज बनाने की घोषणा की थी जिसे पूरा नहीं किया। सीएम धामी ने सिरौली कला को अलग नगर पालिका बना दी तो अब फिर कोर्ट में रीट डाली गई है। इससे पूर्व कार्यक्रम संयोजक शकील खा ने कहा कि पूर्व विधायक राजेश ने किच्छा में एम्स से लेकर सिरौली कला तक नहर की कवरिंग कर सड़क बनाने की स्वीकृति/घोषणा कराई थी, उसके प्रथम चरण का पैसा जारी भी हुआ जिससे कुरेशी मोहल्ले तक सड़क बन रही है लेकिन मौजूदा कांग्रेस विधायक उसकी अगली किस्त नहीं ला पाए। पूर्व जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा इफ्तार मियां ने कहा कि शुक्ला ने अपने विधायक काल में एम्स, डिग्री कॉलेज, नगर पालिकाएं, एसडीएम कोर्ट एवं मुंशी कोर्ट, बिजली के अधिशासी अभियंता कार्यालय समेत दर्जनों बड़े काम किए, हाईटेक बस अड्डा बनाया, लोगों के इलाज, शिक्षा एवं रोजगार के रास्ते खोले, आज अगर ये विधायक होते तो किच्छा देश के मानचित्र पर आ गया होता, हारने के बाद भी हराने वालों की चिंता करके उन्होंने नगर पालिका का तोहफा देना शुक्ला का बड़प्पन है इसका अगले चुनाव में उन्हें लाभ मिलेगा। सभा को शक्ति केंद्र संयोजक बाबू अल्वी, बूथ अध्यक्ष खुर्शीद खा, नाजिम मलिक, जीशान खान, इकराम मियां ने भी संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता मंडल महामंत्री मुकेश कोहली ने की। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा हारून मलिक, ततीर अहमद, कार्यक्रम संयोजक शकील खान, खुर्शीद खान ,दानिश,अकरम खान ,याकूब अहमद ,रुखसार मियां ,मूसरिया, फरियाद खान ,अब्बास अली, नवाब राज ,मोहम्मद शमसुद्दीन, इकरार अहमद आदि आदि मौजूद थे।

# अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया आगामी मानसून को लेकर भ्रमण

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

उपजिलाधिकारी (न्यायिक) रेखा कोहली द्वारा तहसील लालकुआँ अन्तर्गत दूरस्थ क्षेत्र श्रीलंका टापू (बिन्दुखत्ता) का वन विभाग, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, जल संस्थान, खाद्य आपूर्ति विभाग, बाल विकास विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ आगामी मानसून के दृष्टिगत भ्रमण किया गया।

भ्रमण के दौरान खाद्य पूर्ति निरीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि अगस्त माह तक का राशन क्षेत्र में वितरित कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि तीन माह की जीवन रक्षक औषधियां आवश्यक मात्रा में उपलब्ध करा दी गयी हैं। इस दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा श्रीलंका टापू में यथाशीघ्र विद्युत आपूर्ति कराये जाने का अनुरोध किया गया। इसके



अतिरिक्त गौला नदी से हो रहे भूकटाव को रोकने हेतु तटबन्ध बनाये जाने तथा श्रीलंका टापू से डोराडाम तक बने क्षतिग्रस्त मार्ग को ठीक करने की मांग की गयी। इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी द्वारा वन क्षेत्राधिकारी गौला को आगणन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं पशु चिकित्सा विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। चिकित्सा अधिकारी डा0 लव पाण्डे द्वारा बताया गया कि कुल 57 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया तथा पशु चिकित्साधिकारी हिमांशु धर्मशक्तू द्वारा अवगत कराया गया कि छोटे एवं बड़े कुल 72 पशुओं हेतु दवा का वितरण किया गया। जन समस्या सुनने के उपरान्त उपजिलाधिकारी एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा स्थानीय लोगों के साथ क्षेत्र का भ्रमण भी किया।

# प्री- मानसून की बारिश से जनजीवन प्रभावित, ओलावृष्टि ने भी नुकसान

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

प्री- मानसूनी बारिश से मंगलवार को नैनीताल शहर में जनजीवन प्रभावित रहा। बारिश के पानी के साथ कूड़ा.कचरा नालों से बहता हुआ जीवनदायिनी नैनीझील में समा गया वहीं ओलावृष्टि ने भी नुकसान पहुंचा। मौसम के इस मिजाज से शहर में शाम को खासा ठंड महसूस की गई।

बता दें नगर में मंगलवार को बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई, सुबह जहां आसमान में घने बदल छाए हुए थे और हल्की धूप खिली थी वहीं कुछ देर बाद हल्की बूंदाबांदी हुई। सुबह साढ़े 11 बजे बारिश के साथ ओलावृष्टि भी शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक यह दौर जारी रहा। इसके बाद दिन भर आसमान में घने बादल छाए रहे और शाम को साढ़े चार बजे से फिर से गर्जन के साथ बारिश शुरू हो गई । बादल और बारिश से शहर का तापमान भी गिर गया। मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी कुछ दिन तक मौसम खराब रहने की संभावना जताई है। जीआईसी



मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार मंगलवार को शहर का न्यूनतम तापमान 19 डिग्री और अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पालिका ने कराई नैनीझील की सफाई बारिश के बाद नैनीझील में नालों के जरिए भारी मात्रा में कचरा समा गया। जिसके बाद नगरपालिका के मुख्य सफाई निरीक्षक सुनीत कुमार और सफाई निरीक्षक कमल चौहान के नेतृत्व में नैनीझील में सफाई की गई। इस बीच भारी मात्रा में झील से कचरा और प्लास्टिक निकाला गया। इस दौरान अनित पहाडयि़ा, प्रमोद, अमित, विनोद, मनीष तथा मोहित आदि मौजूद रहे।

# मोटर मार्ग की दुर्दशा लेकर कुमाऊं आयुक्त व डीएम से भेंटकर ज्ञापन सौंपा

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

लगातार क्षेत्र में बढ़ रही दुर्घटना का कारण बन रही शहीद बलवन्त सिंह मेहरा मोटर मार्ग की दुर्दशा लेकर मंगलवार को पूर्व राज्य दर्जा मंत्री पी. सी. गोरखा के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने नैनीताल में कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत व जिलाधिकारी वंदना सिंह से भेंटकर ज्ञापन सौपा गया ।

गोरखा के मुताबिक कुमाऊं आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने प्रकरण को मुख्यमंत्री तक पहुं चाने का आश्वासन दिया और शासन में मामले को गंभीरता पूर्वक लिया जायेगा । शिष्ट मण्डल ने जिलाधिकारी से वार्ता कर शहीद बलवंत सिंह मेहरा मोटर मार्ग में क्षतिग्रस्त सडक़ पर खनन न्यास निधि से डामरीकरण व सीसी निर्माण कराने की मांग उठाई। जिलाधिकारी ने खनन न्यास निधि को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आदेशित कर त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान पी सी गोरखा, पूर्व प्रधान भुवन मेहरा, खुशाल हाल्सी, राजेंद्र सिंह मेहरा, पूर्व प्रधान बची राम, प्रेम सागर, बची राम, कैलाश आर्या, पूर्व प्रधान थुवा ब्लॉक एस.लाल, मौ. ताहिर, संजू बोहरा,देवेन्द्र फर्त्याल ग्रामीण रहे।



## पति ने नशे में पत्नी के साथ की मारपीट

**अल्मोड़ा।** नगर की एक विवाहिता ने पति, सास, ससुर और जेठ पर पर मारपीट करने, गालीगलौज करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। नशे में पति ने उसके साथ मारपीट की और गले में चाकू रख दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति, जेठ, सास, ससुर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। नगर के एनटीडी निवासी कामिनी आर्या ने पुलिस में तहरीर दी। बताया कि उसकी शादी आठ दिसंबर 2019 को नवीन लाल, निवासी-ग्राम-सिया बौड़ी, जिला बागेश्वर के साथ हुई थी।

# दंपति ने व्यवसाई 50 लाख की मांग व धमकी का लगाया आरोप

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

रामपुर रोड गली नंबर 3 में रहने वाले एक दंपति ने स्वर्ण व्यवसाई द्वारा 50 लाख रुपए की मांग किए जाने और धमकियां दिए जाने का आरोप लगाते हुए। पुलिस की शरण ली है। पीड़ित दंपति का कहना है कि वह स्वर्ण कार्य से जुड़े हैं और घर पर ही आभूषण बनाने का कार्य करते हैं। कोतवाली पुलिस सौंपी तहरीर में पीड़ित स्वर्णकार ने कहा कि वह पहले पीसी ज्वैलर्स नामक शोरूम के लिए आभूषण निर्माण करते थे, जो अब स्वर्णिका शोरूम के नाम से रुद्रपुर से स्थानांतरित होकर हल्द्वानी और खटीमा में संचालित हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि उन्हें यह काम सीधे स्वर्णिका शोरूम से नहीं, बल्कि एक तीसरे पक्ष के माध्यम से मिलता रहा है। दंपति का आरोप है कि अब शोरूम मालिक उन पर 50 लाख रुपए की मांग कर रहा है और भुगतान न करने की स्थिति में जेल भेजने की धमकी दी जा रही है। इतना ही नहीं, उनके अनुसार शोरूम मालिक ने अपने मुंशी को उनके घर भेजकर उन्हें परेशान करना शुरू कर दिया है और घर व प्लॉट बेचकर रकम वसूलने की धमकियाँ भी दी जा रही हैं। इस मामले को लेकर हल्द्वानी के क्षेत्राधिकारी सीओ नितिन लोहनी ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। यदि दूसरी ओर से भी शिकायत मिलती है तो पुलिस निष्पक्ष रूप से जांच करेगी और उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच गहनता से की जा रही है।

# बरसात शुरू होने से पहले ही तैयारियों में जुटा नगर प्रशासन और नगर निगम

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

बरसात से पहले बरसात शुरु होने के साथ ही नगर प्रशासन और नगर निगम ने शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज कर दी है। एसडीएम राहुल शाह और नगर आयुक्त ऋचा सिंह के नेतृत्व में देवखड़ी नाले के पास बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाया गया।

प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में पहुंचकर जेसीबी मशीनों की मदद से अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। अधिकारियों ने बताया कि नाले के किनारे बने कुछ अवैध निर्माण वर्षा के दौरान जलभराव और संभावित दुर्घटनाओं को जन्म दे सकते थे। इससे पहले प्रशासन द्वारा संबंधित



अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था, लेकिन निर्धारित समयसीमा में कोई कार्रवाई न होने पर आज बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया गया। एसडीएम राहुल शाह ने कहा, मानसून के चलते देवखड़ी नाले का जलस्तर बढ़ सकता है, जिससे किनारे बने अवैध निर्माणों को नुकसान हो सकता है और आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन सकती है। जन सुरक्षा को देखते हुए यह कार्रवाई जरूरी थी। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि, शहर में जल निकासी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों से अतिक्रमण

**कार्रवाई**
- संवेदनशील क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज

हटाया जा रहा है। देवखड़ी नाले के किनारे के साथ ही बेस अस्पताल गेट के पास भी अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में अतिक्रमण को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय-समय पर ऐसे क्षेत्रों की निगरानी की जाएगी। ऋचा सिंह ने अतिक्रमण करने वालों हिदायद दी है कि अपना अतिक्रमण खुद हटाले नहीं तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।